तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 5 सितंबर 2024



12 रिसामा स्कूल के शिक्षक समय में आते नहीं, पालकों ने विद्यालय में जड़ा ताला



श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## खबर संक्षेप

### मीडिया कर्मी से मारपीट

भिलाई। मीडिया कर्मी के साथ मारपीट करने के मामले में में पुलिस से शिकायत की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक सेलुद से जामगांव आर मार्ग में स्थित बजरंग चौक के पास फोटो स्टूडियो संचालक व मीडिया कर्मी किशन हिरवानी का आफिस है। अचानक दो हमलावर आफिस में प्रवेश कर क्रिकेट बल्ला लेकर पहुचे थे। अचानक लगातार किशन हिरवानी के सिर में हमला कर दिया। किशन को चोट लगने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया गया। घटना की खबर लगते ही मौके पर पहुची उतई पुलिस सीसी कैमरे को खंगालने में जुटी हुई है। किशन के शॉप में दो लोग फोटो खिंचवाने, पेन कार्ड बनवाने के नाम से पहुचे थे। हमला करने के बाद बाहर खडी बाइक से फरार हो गए। घटना को लेकर अनुविभागीय पत्रकार संघ पाटन धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

### आज से माँ कल्याणी मंदिर में तीजा-तिहार


भिलाई। माँ कल्याणी शीतला मंदिर मरोदा टेंक रिसाली मे 5 सितम्बर से चार दिवसीय विशाल तीजा तिहार का आयोजन किया गया है।जिसमें सिर्फ तीजहारीन महिलाओं के लिये विबिध खेल कूद व सास्कृतिक कार्यक्रम होंगे।पहले दिन 5सितम्बर की सन्ध्या 7 बजे माता की आरती के बाद तीजहारिन महिलाओं को करुभात प्रसाद का वितरण किया जायेगा। रात 8 बजे से तुषांत बारले कृत छत्तीसगढ़ी लोकमंच अंतस भिलाई की प्रस्तुति होगी। 6 सितम्बर की दोपहर 12 बजे से सिर्फ महिलाओ के लिये विविध खेल कूद होगे। जिसमें गोटा, तिरीपासा, फूगड़ी, रंगोली, मेंहदी, मटका दऊड़ सुईधागा दऊड़, आलु दउड़, जनऊला, सुरीली कुर्सी दऊड़, गोली चम्मच, धीमी चाल, मटका फोड़, सुघ्घर तिजहारिन प्रतियोगिता होगी ।सन्ध्या 6 बजे से माँ कल्याणी के दरबार में फूलेरा संग तीजा का पूजा-पाठ होगा।रात्रि 8 बजे से विजेता तीजहारिन विजेता महिलाओ को पुरस्कृत किया जायेगा ।7 सितम्बर की रात्रि 9 बजे ले रंजीत चक्रधारी कृत कका-भतीजा छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत सराईपाली, कोमाखान (महासमुंद) की प्रस्तुति होगी। 8 सितम्बर की सुबह माताजी की पूजा-आरती के बाद तीजहारीन महिलाओ के लिये फरहार के साथ सुहाग श्रृंगार सामाग्री का वितरण होगा।

## गड़बड़झाला: आरटीई में एडमिशन के लिए इस्तेमाल करने से खुलासा


# निगमों में बन रहे फर्जी राशनकार्ड

देवीलाल साहू ▶▶ भिलाई

निगमों में फर्जी राशनकार्ड बनाने गिरोह सक्रिय हैं। वह भी बीपीएल और अंत्योदय राशनकार्ड। अंत्योदय राशनकार्ड बिना अंत्योदय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के नहीं बन सकता।उसके बाद भी बड़े पैमाने पर ऐसे राशनकार्ड बने हैं। खाद्य विभाग के पोर्टल में भी दर्ज राशनकार्ड परिवारों की जानकारी त्रुटिपूर्ण होने से भी इस तरह की फर्जीवाड़ा को बल मिल रहा है। इस फर्जी राशनकार्ड के जरिए आरटीई में एडमिशन लिया जा रहा है। इन राशनकार्डों की जांच भी नहीं की जा रही है। जिसकी वजह से बड़े पैमाने पर फर्जी राशनकार्ड को प्रस्तुत कर बच्चों का एडमिशन करवाया जा रहा है।



राशनकार्ड क्रमांक: 223781312740
छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम 2012 एवं छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के अंतर्गत जारी राशनकार्ड
नवीनीकृत राशनकार्ड
सहायक राजस्व अधिकारी
अन्त्योदय कार्ड



राशनकार्ड क्रमांक: 223781312740
छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम 2012 एवं छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के अंतर्गत जारी राशनकार्ड
नवीनीकृत राशनकार्ड
1. परिवार के मुखिया का नाम : हेमा यादव
2. पिता/पति का नाम : सोनू यादव
3. जाति संवर्ग : अन्य पिछड़ा वर्ग
4. पता : जिला –दुर्ग, नगरीय निकाय –भिलाई वार्ड – शारदापारा
5. परिवार की श्रेणी : अन्त्योदय अन्न योजना/ विशेष कमजोर समूह
6. संलग्न उचित मूल्य दुकान : ग्राम पंचायत/वार्ड – शारदापारा दुकान क्रमांक – 431004068
(कृपया क्यूआर कोड के ऊपर कुछ न लिखें / चिपकायें।)
सहायक राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम भिलाई
नोटः राशनकार्ड अन्य किसी वैधानिक उपयोग तथा अन्य शासकीय योजनाओं के लिये, पहचान/प्रमाण पत्र के तौर पर मान्य नहीं किया जावेगा।

ये दोनों राशन कार्ड के नंबर 223781312740 हैं। एक में मुख्या मंगतिन यदु है और दूसरे में हेमा यादव। फोटो भी अलग-अलग है।

### अंत्योदय परिवार प्रमाण पत्र विभाग के पास नहीं

अंत्योदय राशनकार्ड बड़े पैमाने पर बनाए गए हैं। हैरत की बात यह है कि जिला खाद्य विभाग के पास अंत्योदय परिवार प्रमाण पत्र की जानकारी ही उपलब्ध नहीं है। सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी में यह विभाग ने कहा है। जबकि छत्तीसगढ़ खाद्य सुरक्षा की अधिनियम की धारा 15 के अनुसार अंत्योदय परिवार प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही अंत्योदय राशन कार्ड जारी कर सकते हैं।

### राशनकार्ड की उपयोगिता पर ही सवाल

छत्तीसगढ़ राशनकार्ड अधिनियम 2026 के प्रावधान के मुताबिक राशनकार्ड की उपयोगिता या उपयोग छत्तीसगढ़ शासन के राजपत्र में प्रकाशित किया गया है। जिसमें उपभोक्ता दरों की पात्रता तथा राशन सामग्री की मात्रा के अलावा किसी भी अन्य प्रयोजनों के लिए नहीं किया जा सकता।

### इसलिए जांच की है जरूरत

खाद्य विभाग के पोर्टल में अंत्योदय राशनकार्ड के प्रमाण पत्र की जानकारी ही उपलब्ध नहीं है। वहीं पालकों के प्रस्तुत राशनकार्ड ही अंत्योदय है तो पोर्टल में दूसरी योजना या श्रेणी के नाम पर दर्ज है। इस स्थिति में जांच की जरूरत है। खाद्य विभाग की लापरवाही से पोर्टल में त्रुटिपूर्ण दर्ज है या फिर वास्तव में निगम स्तर पर ही फर्जी राशनकार्ड बनाए जा रहे हैं इसका खुलासा हो सकेगा। हाल ही में राशनकार्ड नवीनीकरण के दौरान निगमों में बंट रहे राशनकार्ड में बड़े पैमाने पर त्रुटियां भी सामने आई है। जिससे हितग्राहियों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

**राशनकार्डों पर हरिभूमि की पड़ताल**

**केस 1**

### राशनकार्ड नंबर एक लेकिन मुखिया अलग-अलग

राशनकार्ड क्रमांक 223781312740 की मुखिया का नाम मगतिन यदु है। आरटीई क्रमांक 202400674150 चेतना यादव को दिल्ली पब्लिक स्कूल रिसाली में प्रवेश दिया गया है। इस बच्चे के पालक सोनू यादव के द्वारा डीपीएस रिसाली में प्रवेश के लिए मंगतिन यदु का राशनकार्ड प्रस्तुत किया गया है। इसी राशनकार्ड क्रमांक 223781312740 पर दूसरे स्कूल के लिए प्रस्तुत दस्तावेज में मुखिया हेमा यादव का नाम है। यानी अंत्योदय राशनकार्ड का क्रमांक एक ही है। लेकिन दोनों राशनकार्ड में मुखिया के नाम व फोटो अलग-अलग हैं। दूसरे राशनकार्ड में शंकरा विद्यालय में आरटीई क्रमांक 2024400678230 लुविश यादव को प्रवेश मिला है। इस स्कूल में हेमा यादव को सोनू यादव की पत्नी के रूप में दर्ज किया गया है।

**केस 2**

### एक नंबर पर अंत्योदय व एपीएल कार्ड

राशनकार्ड क्रमांक 223783420616 अंत्योदय राशनकार्ड में मुखिया सरिता देवांगन है। आरटीई क्रमांक 202400702125 उत्कर्ष देवांगन को डीपीएस रिसाली में इस अंत्योदय कार्ड के आधार पर प्रवेश दिया गया है।इसी राशनकार्ड क्रमांक 223783420616 के आधार पर कृष्णा पब्लिक स्कूल में उत्कर्ष देवांगन के दाखिला के लिए उनके पालक द्वारा एपीएल राशनकार्ड क्रमांक 22378420616 प्रस्तुत किया गया है। यानी राशनकार्ड क्रमांक एक ही है लेकिन फोटो अलग-अलग है और राशनकार्ड भी एक एपीएल है तो दूसरा अंत्योदय है।

**केस 3**

### राशनकार्ड खाद्य विभाग के पोर्टल में ही दर्ज नहीं

अंत्योदय राशनकार्ड क्रमांक 223787061394 की मुखिया कीर्ति केशरवानी है। डीपीएस में इस राशनकार्ड के आधार पर आरटीई क्रमांक 202400711681 अनन्या केशरवानी को एडमिशन दिया गया है। अनन्या के पालक द्वारा अंत्योदय राशनकार्ड प्रस्तुत किया गया है। हैरत की बात यह है कि जिला खाद्य विभाग के पोर्टल में यह राशनकार्ड असंगठित श्रमकार सुरक्षा योजना के अंतर्गत जारी किया गया है।

**केस 4**

### एक नंबर पर सामान्य श्रेणी और अंत्योदय कार्ड दोनों

अंत्योदय राशनकार्ड क्रमांक 223783786422 का मुखिया नेहा वर्मा है। डीपीएस में इस राशनकार्ड के आधार पर आरटीई क्रमांक 202400650960 जहरिका वर्मा को दाखिला मिला है। जहारिका के पालक के द्वारा प्रस्तुत अत्योदय राशनकार्ड का जिला खाद्य विभाग के पोर्टल में सामान्य श्रेणी का जारी किया गया है।

**केस 5**

### राशनकार्ड की योजना ही अलग-अलग

अंत्योदय राशनकार्ड क्रमांक 223787307836 की मुखिया हंसा मंडल हैं। आरटीई क्रमांक 202400679438 अनिका मंडल को डीपीएस में प्रवेश मिला है। अनिका के पालक द्वारा यह अंत्योदय राशनकार्ड खाद्य विभाग के पोर्टल में है। जिसकी मुखिया विधवा अथवा एकाकी महिला योजना के अंतर्गत जारी किया गया है। परन्तु राशनकार्ड में उनके पति का नाम दर्ज है।

# सीबीआई अफसर बनकर की एक करोड़ की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी से सीबीआई का अफसर बनकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर

- एनआरआई के पिता है सेवानिवृत्त कर्मी

पुलिस ने बताया कि सेवानिवृत्त कर्मी सेक्टर 10 सड़क 23 क्वार्टर नंबर 15 ए निवासी सुखचैन सिंह भुई से ठग ने बैंक में घोटाले की जांच का हवाला देकर बैंक खाते का डिटेल लेकर 1 करोड़ रुपए के रकम को ठगी अपने पास खाते में ट्रांसफर करा ली। पीड़ित का पुत्र अमेरिका मे प्राईवेट कंपनी मे जॉब करता है। सुखचैन सिंह भुई सेवानिवृत्त कर्मी अपनी पत्नी के साथ सेक्टर 10 में रहते है।

सुखचैन सिंह भुई के मोबाइल पर 24 मई की रात अज्ञात ने वाट्सएप कॉलिंग किया था। अज्ञात ने सुखदेव को झांसे में लेते हुए बैंक खाते से अपराधिक काम होने का हवाला दिया। इस दौरान अज्ञात ने सुखचैन के बैंक खाते को चेक करने की बात कही थी। भरोसे में लेकर अज्ञात ने 1 जून से 13 अगस्त तक सात अलग-अलग किश्तों में आरटीजीएस से 1 करोड़ 3 लाख 90 हजार रुपए की रकम अज्ञात अपने खाते में ट्रांसफर करा लिया। अमेरिका से वापस लौटने पर सुखचैन के बेटे ने सूचना पुलिस को दी।

## भिलाई निगम के उप अभियंता से दुर्व्यवहार का मामला

# पार्षद पुत्र और उसका दोस्त गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के इंजीनियर के साथ हुए मारपीट मामले में पुलिस ने पार्षद पुत्र और उसके दोस्त को गिरफ्तार किया गया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 296, 351(2),132, 221 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया

- सरकारी दस्तावेज को फाड़ा गया रुपए को लेकर हुआ था विवाद

है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि जोन 5 में पदस्थ इंजीनियर दीपक देवांगन के साथ पांच दिन पूर्व रोबिन सिंह और उसका दोस्त भास्कर दुबे कार्यालय पहुचे थे। दोनों ने इंजीनियर से गाली गलौज मारपीट कर सरकारी दस्तावेज को फाड दिया। इसे लेकर दोनों युवकों को इंजीनियर ने समझाया भी लेकिन युवको ने कुछ न सुनते हुए गाली गलौज करते रहे। घटना के बाद इंजीनियर ने शिकायत पुलिस से की थी। पार्षद सुभद्रा सिंह का पुत्र रोबिन सिंह, भास्कर दुबे को गिरफ्तारी नहीं होने को लेकर निगम द्वारा पर बुधवार को धरना प्रदर्शन भी किया गया था।

प्रदर्शन की जानकारी लगने पर पुलिस हरकत में आई और दोनों युवक को गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया। घटना सेक्टर 6 जोन 5 के कार्यालय का है। इस दौरान पार्षद पुत्र रोबिन सिंह और भास्कर दुबे नामक युवक जोन कार्यालय बिना अनुमति के इंजीनियर के कक्ष में पहुचे। जहां रोबिन ने इंजीनियर से कहा कि ठेकेदार द्वारा काम का पैसा नहीं दे रहा है। जिसके जवाब में इंजीनियर ने ठेकेदार से लेने की हिदायत दी थी। इसी बात को लेकर राबिन और भास्कर ने विवाद करने लगा था।

# एक्टिवा से कार को लगा स्क्रेच, जमकर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दो गुटो में जमकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि तमेरपारा में विपिन ताम्रकार और उसके भाइयों ने पन्ना स्वीट्स के संचालकों के साथ मारपीट की है। नितेश जैन ने पुलिस को बताया 27

- दोनों पक्षों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया

अगस्त 2024 को अपनी दुकान पन्ना स्वीट्स एडं बेकर्स दुकान में काम करने वाला कर्मी पवन साहू एक्टिवा लेकर उनके घर तमेरपारा गया था। दुकान लौटते समय घर के सामने विपिन ताम्रकार की खड़ी कार से टकरा गया। इस दौरान कार से स्कूटी टकराने पर कार में डेंट आ गया। जिसे देख विक्की आक्रोश में आ गया। तब प्रितेश जैन विक्की को बीमा से अपनी कार को बनवा लेने की बता कही थी। इसके अलावा कागजी प्रोसेस में जो भी खर्च आएगा उसे नितेश देने की बात कही। इसके बात विवाद बढ़ गया। नितेश जैन ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज देते हुए आरोप लगाया कि 2 सितंबर को 9.30 बजे बालू अपने 2 दोस्तों के साथ उसकी दुकान में आया था। उसने दुकान के भीतर घुसकर ग्राहकों के बीच उन्हें उठवा लेने और जान से मारने की धमकी दी। 3 सितंबर की शाम 8 बजे के करीब घर के पास विक्की ताम्रकार और उसके भाईयों ने 8-10 युवको के साथ मिलकर तीनों भाइयों के ऊपर हमला कर दिया। इसमें सभी को काफी चोटें आई हैं। वहीं विनीत ताम्रकार का कहना है कि पन्ना स्वीट के कर्मी ने कार को ठोक दिया था। उन्होंने गाड़ी बनवाने की बात कही थी, लेकिन उसके बाद पैसा देने से मना करने लगे। मैं दुकान उससे पैसा मांगने गया था। इसके बाद शाम को घर के पास मेरे छोटे भाई से झगड़ा करने लगे। इसी को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई है। पुलिस ने नितेश जैन और विनित ताम्रकर की शिकायत पर दोनों पक्षों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3(5), 351 (2) के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# मासूम से छेड़खानी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन

स्कूल से घर लौट रही बच्चीं के साथ छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शिकायत के बाद पुलिस ने पाक्सो एक्ट, 127 (2),75, 76 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि मंगलवार की दोपहर स्कूल से घर लौट रही बच्चीं को बहला फुसलाकर



कमलजीत नायक नामक युवक अपने वाहन में बैठाकर लेकर गया। इस दौरान आरोपी कमलजीत ने बच्ची के साथ छेड़खानी कर सुनसान इलाके ले जाकर अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया। बच्चे की रोने की आवाज सुन कर अज्ञात मौके पर पहुचने से आरोपी फरार हो गया। बच्चीं के परिजनों ने घटना की शिकायत पुलिस से की। थाना प्रभारी अनिल कुमार साहू ने बताया कि आरोपी अविवाहित है, शराब पीकर नशे में घूमता रहता है। सूचना पर उसे पुलिस ने तुरंत पकड़ लिया गया है।

# महिला का नहाते वीडियो बनाने वाले युवक पर हुआ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

घर के बाथरुम में नहा रही महिला का वीडियों बनाने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। महिला को जानकारी लगने के बाद से युवक फरार है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि टाउनशिप में निवासरत विवाहिता अपने घर के बाथरुम में नहा रही थी। इस दौरान मंगलवार को पी. शिवकुमार नामक युवक ने अपने मोबाइल से महिला का नहाने समय का वीडियों बना लिया। घटना दोपहर 3.30 बजे की है। युवक छत पर चढ़कर मोबाइल से महिला का वीडियो बना रहा था। जब महिला ने पी शिवकुमार पर नजर गई तो युवक फरार हो गया।

# बिजली कटौती से परेशानी

डोंगरगढ़। शहर और ग्रामीण क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती होने से लोगों में आक्रोश पनपने लगा है। बिना कारण के घंटो बिजली गुल होने की समस्या को हल करने में अधिकारी कर्मचारी असमर्थ नजर आ रहे है। वहीं ट्रांसफार्मर जलने जैसी घटनाएं होना ना आम बात हो गई है। रविवार को सुबह से देर रात्रि तक पूरे शहर की लाइट बंद रही। पिछले एक माह से मेढ़ा, ठाकुरटोला, जामरी जैसे कई गांवो में घंटो लाइट बंद होने की शिकायत सामने आ रही है।

# मोबाइल और नगदी लूटकर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

युवक का रास्ता रोक कर लूट करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। तीन बदमाशों ने मोबाइल, नगदी लूटकर फरार हो गए।खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि संतोष कुमार सोनी खुर्सीपार निवासी प्राइवेट काम करता है। मंदिर हसौद से स्कूटी से खुर्सीपार अपने घर लौट रहा था। इस दौरान स्कूटी का पेट्रोल डबरापारा के पास खत्म हो गया। स्कूटी को पैदल लेकर रात 12.30 बजे आईटीआई मैदान केनाल रोड पहुंचा था। इस दौरान तीन बदमाश युवकों ने उसे घेरकर मोबाइल, जेब में रखे 8 हजार रुपए नगद, आधार कार्ड, गले से सोने की चेन लूटकर फरार हो गए।

## सहायक अभियंता से जोन पाँच कार्यालय में दुर्व्यवहार, गुस्साए कर्मियों का धरना प्रदर्शन

# दोपहर तक भिलाई निगम में कामकाज ठप, भटकते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

निगम भिलाई के प्रभारी सहायक अभियंता के साथ जोन पाँच कार्यालय में हुए दुर्व्यवहार और गाली गलौज के दोषी युवकों को गिरफ्तारी की मांग को लेकर स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ द्वारा भिलाई निगम गेट के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। दोषियों की गिरफ्तारी के साथ दोपहर 2 बजे धरना को समाप्त कर निगम के अधिकारी कर्मचारी अपने काम पर लौट गये।

यूनियन के बैनर तले कर्मियों ने निगम मुख्यालय गेट के सामने सुबह धरना शुरु किया। धरने को



जिला भारतीय मजदूर संघ, स्वायत्तशासी के प्रदेश पदाधिकारी नगर निगम भिलाई, दुर्ग, रिसाली , भिलाई चरोदा कर्मचारी संघ अध्यक्ष महामंत्री एवं पदाधिकारियों ने संबोधित किया। सभी ने दुर्व्यवहार करने वाले युवकों पर की गिरफ्तारी की मांग की। 30 सितंबर को निगम के प्रभारी सहायक अभियंता के साथ सेक्टर 6 जोन कार्यालय में दो युवकों ने अभद्र व्यवहार एवं गाली गलौज किया था इसके खिलाफ स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के नेतृत्व में निगम के अभियंतो ने कोतवाली थाना में एफआई आर दर्ज करवाया था । 5 दिन गुजर जाने बाद भी आरोपी युवकों की गिरफ्तारी नहीं होने से आक्रोशित निगम के अधिकारी कर्मचारी जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन एवं निगम प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठ गये थे।

### आयुक्त ध्रुव की पहल से धरना समाप्त

धरने के बीच में ही निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने धरने स्थल से प्रतिनिधि मण्डल को आमंत्रित कर चर्चा करते हुए बताया कि दोषियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद महासंघ के प्रतिनिधि मण्डल ने आयुक्त से हुई चर्चा की जानकारी धरना स्थल पर कर्मियों व और धरना समाप्त कर काम पर लौटने की अपील की। धरने में महासंघ के प्रदेश महामंत्री शरद दुबे,रीता चतुर्वेदी, विष्णु चन्द्राकर, भिलाई निगम ,रिसाली,भिलाई-चरौदा के अध्यक्ष रामवृक्ष यादव, कृष्णा देशमुख, सुरेंद्र सोनबोईर, वामन राव,बसंत साहू, रामावतार साहू , गोपाल सिन्हा, विवेक रंगनाथ, जिला भारतीय मजदूर संघ के रवि चौधरी, पाण्डेय, अभियंता दीपक जोशी,संजय शर्मा, रवि सिन्हा, संजय बागडे, डी.के.वर्मा,दीपक देवांगन, अर्पित बंजारे, वसीम खान, अनिल मेश्राम, संतोष हरमुख, संजय शर्मा, स्वेता महेश्वर, नीति लता विश्वकर्मा, रोहित बंजारे, ओंकार यादव, विश्वजीत सेनगुप्ता, दशरथ ध्रुव, महेश वर्मा,राज सच्चर, बसंत देवांगन, संतोष पाण्डेय, मनीष चन्द्राकर, सीता राम यादव, दौलत चन्द्राकर, हीरा लाल, वालमिकी सिंह सहित निगम के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

पाठक सूचना
हरिभूमि समाचार पत्र उतई में
अखबार की प्रति, समाचार एवं
विज्ञापन के लिए जिज्ञासा
न्यूज एजेंसी (लेखराम सोनवानी)
मो. 9691072365 पर संपर्क करें।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301


# शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...






















Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129


## लाइव इवेंट

### भगवान महावीर ने मानव को त्यागमय जीवन और धर्म से जीना सिखाया



**भिलाई।** भगवान मल्लीनाथ जैन मंदिर भवन में श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन श्री संघ जामगांव आर ने पर्युषण पर्व सप्ताह धर्म आराधना करते बुधवार को भगवान महावीर की माता त्रिशला द्वारा गर्भावस्था में देखे गए चौदह स्वप्न के प्रतिकों का दर्शन, पूजन करते हुए भगवान महावीर की प्रतीकात्मक पालना झूलाया। चौदह स्वप्न का वाचन चंद्रकैलाश बैद ने किया। इस उत्सव में गोवर्धन कोचर, लक्ष्मी बैद, रेखा बैद, सुरेश सुशीला बैद, भारती कोचर, चंद्रकैलाश, ममता जैन, आसकरण गोलछा, मनीष बैद ने स्वप्न प्रतीक का जैन श्री संघ को दर्शन कराया।

#### धर्म जीवन जीने की कला सिखाती है

> ■ महावीर ने करके दिखाया त्यागमय जीवन में आनंद की पवित्र गंगा प्रवाहित होती हैं,, चंद्रकैलाश बैद

इस अवसर पर चंद्रकैलाश बैद ने कहा कि भगवान महावीर ने कर दिखाया कि त्यागमय जीवन में आनंद की गंगा प्रवाहित होती है। धर्म जीवन जीने की कला सिखाती है। जो धर्म से बाहर होकर जीवन यापन कर रहे है उन्हे वो मंजिल नहीं मिलती जो वास्तव उन्हे मिलना चाहिए। भगवान महावीर ने मानव को त्यागमय जीवन जीने में आनंद की अनुभूति कराया। जो त्यागमय जीवन जी रहे है वो समाज व परिवार में बड़ा आनंदित नजर आ सकते है, बस इन्हे देखने का नजरिया अपने पास होना चाहिए।

#### कर्म को धर्ममय बनाएं, जीवन और परलोक संवर जाएगा

श्री बैंद ने कहा कि शनिवार को क्षमा याचना पर्व है उस दिन संवत्सरी प्रतिक्रमण करके 84 लाख जीव योनि से क्षमा याचना करते हुए विच्छमिदुक्कड़ करते है।जो मूल भाव के तहत पालन करते है उनके जीवन में उसका लाभ मिलता है। औपचारिकता का फल भी औपचारिक ही मिलेगा हर कोई जानते है। धर्म को जो समझ लिए उनका कर्म धर्ममय होने लगता है और जीवन की कष्टदायक राह भी परलोक और जीवन संवारने में मददगार बनने लगती है।

## सिटी इवेंट

### शिक्षक हमारे आदर्श, चेम्बर ने किया शिक्षकों का सम्मान



**भिलाई।** छग चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई द्वारा बुधवार को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित सम्मान समारोह कल्याण कालेज सेक्टर 7 में विभिन्न स्कूल व कालेज के 15 शिक्षकों का सम्मान किया गया। अपर कलेक्टर बजरंग दुबे व चेंबर के महामंत्री अजय भसीन द्वारा शिक्षकों को शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह व उपहार देकर डॉ आरपी अग्रवाल प्राचार्य कल्याण कालेज, डॉ जमालुदीन, डॉ सपना शर्मा, डॉ प्रमोद शर्मा, रंजना श्रीवास्तव, लीला लातूरकर, ऋतु हांडा, सृष्टि झा, प्रगति सिंह को सम्मानित किया गया। अजय भसीन ने कहा कि गुरु ज्ञान का दीपक होता है। शिक्षक ही हमें सही और गलत का मार्ग प्रशस्त करते है। शिक्षक हमारे आदर्श हैं, जो हमें सीखने और जीवन की चुनौतियों के माध्यम से मार्गदर्शन करते हैं।

अपर कलेक्टर बजरंग दुबे ने गुरु की महत्ता को जीवन का आधार बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से असीम सहगल, दिनेश सिंघल, नरेश वासवानी, विजय जसूजा, राकेश मल्होत्रा, पवन जिंदल, रितेश अग्रवाल, विकास पांचाल, शशिधर मिश्रा, पार्थ सूरी, भोलानाथ सहित संतोष जायसवाल व सुनील मिश्रा उपस्थित थे।

### आर्य समाज के वेद प्रचार अभियान से जुड़े लोग वैदिक अग्नि में मंत्र उच्चारण कर दी आहुति

**भिलाई।** आर्य समाज मंदिर आर्य नगर दुर्ग में वेद प्रचार सप्ताह का समापन दिवस मनाया गया। जिसमें सौ से ज्यादा लोगों ने वेद मंत्रों के साथ यज्ञ कुंड में आहुति दी, साथ ही सभी ने मंदिर आने व वेद के स्वाध्याय करने का संकल्प लिया। इस दौरान दिलीप आर्य ने विधिविधान से यज्ञ संपन्न कराया। भजनोपदेशक ईश्वर चंद्र सामवेदी ने सुमधुर भजनों से सभी को मोहित किया। आचार्य कर्मवीर शास्त्री ने सभी को वेद स्वाध्याय व अंकित शास्त्री ने युवाओं को आर्य वीर दल में जुड़ने का संकल्प दिलाया। इस दौरान आचार्य अजय आर्य, पंडित नारायण, आचार्य सुशील उपस्थित थे।

**वैदिक संस्कृति में आचरण ही सबसे बड़ा धर्म,:** आचार्य डॉ अजय आर्य ने कहा आर्य समाज जन्म को कम और कर्म को अधिक महत्व देता है। कोई व्यक्ति अपने आचरण और विचारों को पवित्र कर लेता है तो वह भी ब्राह्मण की तरफ पूज्य हो सकता है। वैदिक संस्कृति में आचरण को ही सबसे बड़ा धर्म माना गया है। हम सभी को अपना जीवन पवित्र और परोपकारी बनाने का प्रयत्न करना चाहिए। आयोजन में मुख्य यजमान डॉ रजनीश मल्होत्रा,डॉ आर एस नायक, डॉ गजानंद साहू, डॉ सुखनंदन, गोपाल सिंह राजपूत, चेतन परमार, बाल किशन, राजा आर्य, रौनक आर्य, कौशल आर्य, कन्हैया लाल साहू, भोपेश साहू, राकेश यादव, राजेश यादव, राजकुमार भल्ला, महेंद्र आर्य, कैलाश महाजन, विष्णु निषाद, इंद्र कुमार सहित प्रतिष्ठित जन उपस्थित थे।

● तीजा महोत्सव में हजारों की संख्या में आई महिलाओं ने जमकर उठाया लुत्फ

# तीजा महोत्सव में बिखरी छग की सांस्कृतिक छठा, रचौली झूला का उठाया लुत्फ, राउच नाचा व पारंपरिक खेलों में दिखा उत्साह, भूपेश चढ़े गेड़ी

हरितालिका तीज महोत्सव का आयोजन दुर्ग में छत्तीसगढ़ी परंपरानुसार किया गया था। जिसमें महिलाओं में जमकर उत्साह दिखा। तीजा पर्व में शामिल महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में तुलसी पूजा, भौंरा, गौ पूजा व भौरी जैसे परंपरिक खेलों में भाग लिया। महिलाओं और बच्चों ने झूला और खेलकूद का भी आनंद उठाया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छग की परंपरा को कायम रखते हुए किए गए सजावट को देखकर आयोजन की सराहना की।





#### कार्यक्रम में शिरकत कर दी बधाई

कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रदीप चौबे, प्रतिमा चंद्राकर, महापौर नीरज पाल, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, सभापति राजेश यादव, भिलाई कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री राजेन्द्र साहू, ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस छग प्रदेश अध्यक्ष क्षितिज चंद्राकर व अन्य कांग्रेस नेताओं ने अतिथि के रुप में शामिल होकर महिलाओं को तीज उत्सव की बधाई दी।

**दुर्ग।** दुर्ग में आयोजित तीज महोत्सव में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि इस आयोजन को लेकर आत्मीय भावना साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने छग की विधाओ को आगे बढ़ाने वाले कलाकारों की सराहना की। पूर्व विधायक अरूण वोरा ने अपने संबोधन में आयोजन के लिए दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल और उनकी टीम को सराहा। पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया व प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने कहा कि छग की परंपरा को हमारे पूर्व मुख्यमंत्री ने ही जिंदा रखा। उन्होंने ही तीजा और आदिवासी दिवस में सरकारी छुट्टी कराई। आज दूसरे पार्टी को लेकर उनके काम का नकल कर रहे है। उन्होंने छग में हो रहे अपराध को लेकर कटाक्ष भी किया। कार्यक्रम में विभिन्न समाज के बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारियों का सम्मान किया गया।

#### मुख्यमंत्री ने गेड़ी चढ़कर निभाई रस्में

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अगुवाई में तुलसी, बैल, नदिया व पोला और शिवलिंग की विधि विधान से पूजा की गई। जिसके बाद भूपेश बघेल गेड़ी चढ़कर लोगों का उत्साह दुगुना कर दिए। शहर के साठ वार्डो से यहां हजारों की संख्या में महिलाएं पर्व में शामिल हुए। इस दौरान महिलाएं छत्तीसगढ़ी गीतों में नाच-गाकर अपना उत्साह प्रगट किया। वही पुरूष वर्ग भी राउत नाचा के जरिए छग की संस्कृति की झलक में दिखे। आयोजन में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक खेल खुर्सी दौड़, रस्सा खींच, गोली चम्मच प्रतियोगिताएं आकर्षण का केन्द्र रही।





#### झूला का उठाया लुत्फ, सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई

हरितालिका तीज में क्वीज क्वीन, पारंपरिक परिधान व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भूपेश बघेल ने खुद ही महिलाओं से प्रश्नोत्तरी की। इसके पहले आयोजन में लोगों ने रचौली झूला झुलकर उत्साह दिखाया। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का भी जमकर लुत्फ उठाया। तीज मिलन उत्सव में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें राउत नाचा की जमकर धूम मची रही। इस दौरान गीत और नृत्य के जरिए छग लोक गायक रजनी रजक, जागेश्वरी मेश्राम व शिवाकांत तिवारी के नेतृत्व में कलाकारों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुती देकर लोगों का मनमोह लिया।

#### महापौर ने तीजा में उपस्थित बहनों का जताया आभार

आयोजक और दुर्ग नगरनिगम के मेयर धीरज बाकलीवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित सभी अतिथियों का आभार जताया। उन्होने मंच से लोगो को संबोधित करते हुए कहा तीज उत्सव हमारी छत्तीसगढ़ संस्कृति की पहचान है। जिसे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पुनर्जीवित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसके लिए उन्होंने धन्यवाद जताया। मेयर ने इस दौरान हजारों की संख्या में तीजा उत्सव में आई महिलाओं को प्रणाम कर उनका आभार भी जताया।



# साइंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया पोषण आहार सप्ताह का आयोजन

**दुर्ग।** बच्चों को कुपोषण से सुपोषण की ओर ले जाने के उद्देश्य से सभी जगह पोषण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई द्वारा 1 से 7 सितंबर के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कसारीडीह में पोषण सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमए सिद्दीकी ने हरी झंडी दिखाई और कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संतुलित आहार ही जीवन का आधार है। बच्चों की बढ़ती उम्र के साथ-साथ उनके खानपान पर माता-पिता का विशेष ध्यान देना जरुरी है।

#### बच्चों को पोषक तत्वों की दी जानकारी

पोषण सप्ताह के अंतर्गत कसारीडीह विद्यालय के प्रधान पाठक मानबाई ठाकुर एवं सहायक शिक्षक नमीता गुप्ता, लीलावती वर्मा, पल्लवी लोहबारे ने बच्चों को पोषण संबंधी व पोषक तत्वों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को बताया गया कि पोषण हमारे मनोविकारों को किस प्रकार दूर करता है साथ ही साथ बच्चों को अन्य गतिविधियां जैसे गीत, कविता, नुक्कड़ नाटक एवं जुंबा डांस करवाया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर तरुण कुमार साहू, सहायक कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सुदेश साहू ने मार्गदर्शन करते हुए पोषण आहार व उसके फायदे को विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयंसेवक मोरध्वज, साकेत, रीतिक, मीनेश, द्रविण, टुकेश्वर, हरीश, मृदुल, ललित, टेम प्रकाश, कुंदन कुमार एवं अन्य स्वयंसेवकों ने पोषण सप्ताह में विभिन्न क्षेत्रों मे जाकर लोगो को बच्चों को सुपोषित करने जागरुक कर रहे है।



### टीचर्स डे सेलिब्रेशन में 12वीं के विद्यार्थियों ने शिक्षकों को दिया निमंत्रण पत्र

**भिलाई।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में आज शिक्षक दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विद्यालय की हेड गर्ल मोशू ने बुधवार को अपने साथियों के साथ विद्यालय के शिक्षकों को निमंत्रण पत्र दिया।

विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करते हुए डेढ़ किलो का कार्ड डिजाइन किया। इस कार्ड में सभी शिक्षकों के चित्रों को लगाकर उन्होंने आभार प्रकट किया है। मोशू के साथ अभिषेक सिंह राजपूत, नीतिका सिदार सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे।

शिक्षक दिवस पर होने वाले इस कार्यक्रम में जीपी पांडेय, वीके यादव, पुरुषोत्तम साहू, रामाशीष चौहान, डॉ. अजय आर्य, एमके भारद्वाज व धर्मेंद्र यादव छात्रों का मार्गदर्शन कर रहे हैं।



श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में एंटी रैगिंग सप्ताह का आयोजन

# एंटी रैगिंग सप्ताह में हुईं कई प्रतियोगिताएं रैगिंग एक अपराध विषय पर दी जानकारी

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार एंटी रैगिंग सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ प्राची निमजे ने बताया कि नए सत्र में नव प्रवेशित विधार्थियों के लिए रैगिंग जैसी घटनाओं से भय मुक्त रहने और रैगिंग निषेध पर आधारित विभिन्न आयोजन किए गए। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एके झा ने छात्रों को रैगिंग जैसी घटनाओं से अलग रहने तथा अच्छे अकादमिक माहौल में अध्ययन करने व अनुशासन का पालन करने को कहा। एंटी रैगिंग समिति की डॉ निहारिका देवांगन ने एंटीरेगिंग से संबंधित जारी दिशा निर्देशों की जानकारी छात्रों की दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डायरेक्टर विकास डॉ सुशील चंद्र तिवारी ने छात्रों को एंटी रैगिंग की शपथ दिलाई और संबोधित करते हुए सभी वरिष्ठ छात्रों को अच्छे शैक्षणिक वातावरण में आपसी सद्भाव के साथ रहने की अपील की। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ प्राची ने विभिन्न प्रतियोगिताओं की जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने सक्रिय सहभागिता दी। कार्यक्रम में प्राध्यापक और विधार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।





## खबर संक्षेप

### सदस्यता अभियान का उद्घाटन समारोह आज

**जामगांव आर।** राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार दक्षिण मंडल पाटन में भाजपा के सदस्यता अभियान का उदघाटन समारोह 5 सितंबर को 12 बजे जैन भवन जामगांव आर में आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि प्रीतपाल बेलचंदन पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग होंगे। समारोह में सांसद विजय बघेल, जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, रोहित साहू प्रभारी दक्षिण मंडल पाटन, लालेश्वर साहू अध्यक्ष दक्षिण मंडल, तेजेंद्र पिपरिया एव राजेश बंछोर द्वय भाजपा महामंत्री की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इस समारोह में दक्षिण मंडल संगठन अंतर्गत भाजपा, मोर्चों और प्रकोष्ठों के समस्त प्रदेश, जिला और मण्डल के कार्यकर्तागण / त्रिस्तरीय पंचायती राज के जनप्रतिनिधिगण और सहकारिता एव शाला के प्रतिनिधिगण, शक्तिकेन्द्र एव बूथ के टोलीगण को मंडल में सदस्यता अभियान के उदघाटन समारोह में अपनी देने का आग्रह किया गया है। हर्षा चंद्राकर मंडल सदस्यता अभियान प्रभारी, संजय चंद्राकर संयोजक, रवि सिन्हा सदस्य
अंगेश्वर साहू, शैलेंद्र मांडवी आदि मौजूद रहेंगे।

## निधन

### हरिनारायण तिवारी



**भिलाई।** गणेश नगर संतोषी चौक वार्ड 5 निवासी हरिनारायण तिवारी का निधन बुधवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को सुबह 11 बजे जामुल मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अरुण पिल्लय पिता मुरलीधरन पिल्लय निवासी- एम. आई. जी. सी - 145, वार्ड नंबर-10, वैशाली नगर, भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम अरूण पिल्लय पिता पि मुरलिधरन पिल्लय रख लिया हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नाए नाम अरूण पिल्लय पिता पि मुरलिधरन पिल्लय से ही जाना पहचाना जाये।

**अरुण पिल्लय**
एम आई जी सी-145
वैशाली नगर, भिलाई,
जिला दुर्ग (छ.ग.)

## लापरवाही : पालकों में भारी आक्रोश, जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग

# रिसामा स्कूल के शिक्षक समय में आते नहीं, पालकों ने विद्यालय में जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

एक तरफ शासन-प्रशासन बेहतर शिक्षा देने का दावा कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ शासकीय प्राथमिक शाला रिसामा में शिक्षक समय पर नहीं आते इस वजह से मंगलवार की सुबह शासकीय प्राथमिक शाला रिसामा के पालकों ने स्कूल में ताला जड़ दिया। छात्रों की एकमात्र मांग है कि उन्हें पढ़ाने के लिए स्कूल में शिक्षक नियुक्त किए जाएं। इस स्कूल में कक्षा पहली से पाँचवी लगभग 64 बच्चे अध्ययनरत हैं और तीन शिक्षक हैं।

यह समस्या दुर्ग जिले के ग्राम रिसामा के प्राथमिक शाला में विगत 15 दिनों से विधायक प्रतिनिधि और ग्रामीणों द्वारा स्कूल का निरीक्षण किया जा रहा था जिसमें रोज प्राथमिक शाला के सभी शिक्षक अनुपस्थित पाया गया और विगत लंबे समय से स्कूल में प्रार्थना भी नही हो रहा है। पालको ने बताया कि कक्षा 5वीं के बच्चों को नाम भी लिखने नही आता हैं और शिक्षकों को बोलने पर शिक्षक द्वारा धमकी दिया जाता हैं कि ज्यादा से ज्यादा हमारा ट्रांसफर बस हो सकता है हमारा 58 साल तक का नौकरी कोई नहीं रोक सकता इस तरह से धमकी दी जाती है। स्कूल की इस स्थिति को देखकर ग्रामीणों ने स्कूल पर ताला लगाकर विरोध किया और विधायक ललित चंद्राकर को तुरंत कार्यवाही के लिए ज्ञापन दिया गया। लेकिन ताला लगाने के करीबन दो घंटे बाद भी न तो शिक्षा विभाग का कोई अधिकारी पहुंचा और न ही प्रशासन की ओर से कोई जांचकर्ता या अधिकारी भेजा गया। इस दौरान भाजयुमो महामंत्री डिलेश गब्बर साहू, विधायक प्रतिनिधि रामदास साहू, मन्नु लाल साहू, लेखुदास साहू, जिला किसान महामंत्री अजित चन्द्राकर, भाजयुमो अध्यक्ष प्रवीण यदु, उपाध्यक्ष शुभम वर्मा, पालक एवं ग्रामीण डोमन लाल, नवनीत, संजय, ललित पांडेय, हेमु दास, जोधन लाल साहू, रेख लाल पटेल, मना साहू, युवराज निषाद, तरुण निर्मल, रवि निर्मलकर, विनय ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, राजा निर्मलकर, तोरण गुप्ता, भूपाल निर्मलकर, गैंदालाल, राजेंद्र सेन, नीलकंठ, धनंजय यादव, मोती साहू, उमेन्द्र विश्वकर्मा, हेमंत साहू एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

**ग्रामीणों ने विधायक ललित से की शिकायत**




## अंचल की खबरें

### आर्यावर्त स्कूल के छात्रों ने किया गुरुओं का सम्मान



**पाटन।** नगर में संचालित आर्यावर्त हायर सेकंडरी स्कूल के छात्रों ने अपने शिक्षकों के सम्मान में स्वामी आत्मानंद ऑडोटोरियम में सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि नव सृजन बहुआयामी शिक्षण एवं कल्याण संस्थान के अध्यक्ष दिलीप साहू थे। साथ ही संस्थापक सदस्य नारद सेन प्राचार्य सुशील साहू भी उपस्थित थे। दिलीप साहू ने कहा शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते है और हमेशा आदरणीय होते है समाज मे सबसे बड़ा स्थान गुरुओ का ही होता है क्योंकि उन्ही के सिखाये हुए ज्ञान से छात्र नये आयामों को सृजित करता है। अध्यक्ष दिलीप साहू ने सभी शिक्षकों को श्रीफल एव उपहार देकर सम्मनित किया। कार्यक्रम का संचालन छात्र परिषद के कृष साहू, हिमांशी यादव, मोनालिसा बंछोर, प्रांजलि वर्मा ने किया। कार्यक्रम को सयोजित करने में सांस्कृतिक प्रभारी मनीषा साहू एवं छात्र अंश आडिल, गुलशन साहू, प्रखर पटेल का योगदान रहा।

### विद्यालय को सहयोग प्रदान करने वालों का सम्मान



**अंडा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला एवं कन्या प्राथमिक शाला आलबरस के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालय को सहयोग प्रदान करने वालों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माया बेलचंदन जिला पंचायत सदस्य दुर्ग एवं अध्यक्षता योगिता चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य दुर्ग, सरपंच आशा देशमुख, पूर्व उपसरपंच रोशन लाल देशमुख थे। जिसमें शाला को सहयोग (दान) करने वाले दानदाताओं को उनके सराहनीय योगदान के लिए मोमेंटो, शील्ड, प्रशस्ति पत्र और श्रीफल से सम्मानित किया गया। सैनिक कल्याण समिति, आलबरस द्वारा कक्षा 5 वीं चित्रा ठाकुर, छत्रपाल देशमुख प्रथम, वाणी हरमुख, दिनेश देशमुख द्वितीय, मुस्कान देशमुख, रुद्र देशमुख और कक्षा 8 वी के हिमांशी देशमुख प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान तथा शाला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को मोमेंटो शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। संस्था के सफाई कर्मचारियों वासुदेव चेलक, सुरेंद्र देशमुख और भेषज चंदेल को शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया।

### पिछड़ा वर्ग कल्याण सम्मेलन में आयेंगे आयोग अध्यक्ष



**जामगांव आर।** पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग कार्यालय में आरएस विश्वकर्मा छग पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष एवं आयोग के सदस्य बीआर साहू से ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के संस्थापक शत्रुहन सिंह साहू, युवराज सिंह गंजीर, केंद्रीय कमेटी के सदस्य नारायण लाल, दुर्ग जिला प्रभारी अंकालू राम, धमतरी जिलाध्यक्ष चेतन साखरे, प्रेमलाल सोनबेर, मनहरण साहू ने मंगलवार को भेंटकर 10 सितंबर को ओबीसी दिवस कार्यक्रम पेंड्री (कलंगपुर) में आने का निमंत्रण दिए। निमंत्रण स्वीकार कर स्वीकृति प्रदान किया गया।

### कुर्मी समाज की बेटी को पढ़ाने लोगों ने बढ़ाया हाथ



**सेलूद।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज पाटन राज के अंतर्गत आने वाले धूमा निवासी कामिनी वर्मा के आगे की पढ़ाई के लिए समाज के लोगों ने आर्थिक मदद कर हौसला बढ़ाया। पाटन राज प्रधान युगल किशोर आडिल ने बताया कि कामिनी वर्मा के पिता ललित वर्मा का कैंसर की वजह से देहावसान होने के बाद उनके परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी उनकी माता चंपा देवी के कंधों में आ गई। ग्रेजुएशन के बाद कामिनी वर्मा सीजीपीएससी की तैयारी करना चाह रही थी, लेकिन आर्थिक हालात आड़े आ रहा था बालिका समूह की प्रमुख काजल वर्मा ने कामिनी वर्मा के आगे की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहयोग करने के लिए पहल किया था। पूर्व में 14000 की आर्थिक सहयोग खूबचंद बघेल जयंती के अवसर पर प्रदान किया गया। आडिल ने बताया कि मनवा कुर्मी समाज पूर्व में भी समाज और अन्य समाज के लोगों के जरूरतमंद लोगों की पढ़ाई इलाज या शादी में आर्थिक सहयोग करते आया है समाचार पत्र में प्रकाशित खबर पढ़ने के बाद कुर्मी गुंडरा वर्तमान निवास दुर्ग मीनाक्षी नगर भूषण वर्मा ने इस बच्ची की पढ़ाई को पूरा कराने अपना हाथ आगे बढाया। कामिनी वर्मा की पढ़ाई के लिए भूषण वर्मा ने 5000 रुपए, गजेंद्र पटेल न्यू आदर्श नगर दुर्ग 800, वेद नारायण वर्मा दीक्षा वर्मा कुर्मी गुंडरा 10000, नोहर सिंह आडिल न्यू मीनाक्षी नगर दुर्ग 1500 रूपए की सहायता राशि दी है। उसी प्रकार अनेक लोगों ने सहायता राशि कामिनी की पढाई के लिए प्रदान की है।

# कबड्डी तन और मन को तंदरुस्त रखता है: अशोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

■ घोरारी में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

पोरा तिहार के अवसर पर ग्राम घोरारी में मिनी माता क्लब एवं ग्रामवासी के तत्वावधान में भव्य कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसके शुभारंभ के मुख्य अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, अध्यक्षता डॉ. रामनाथ साहू सरपंच, विशेष अतिथि राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, रिखी नारंग सेक्टर प्रभारी, मीनू रणजीत मार्कण्डेय उपसरपंच ने भगवान श्री हनुमान की पूजा अर्चना कर किए। मुख्य अतिथि ज़िप उपाध्यक्ष साहू ने पोरा तिहार की बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि कबड्डी खेल तन एवं मन को तंदरुस्त रखता है। खेल को खेल भावना से खेलें। उन्होंने आगे कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घोरारी सहित क्षेत्र के विकास में निरंतर योगदान दिए हैं, जिसके कारण आज हमारे युवा खिलाड़ी मेट में खेल रहे हैं। साथ ही बाबा गुरु घासी दास जैतखाम के लिए 3 लाख विधायक निधि से स्वीकृत किए हैं। इस अवसर पर रणजीत मारकंडे, संतोष देवांगन, जय लाल बंजारे, शेखर बंजारे, मुकेश यदु, पीएल पड़ोती, प्रमोद मंडावी आदि उपस्थित थे।

### जामगांव आर में लोकार्पण व बेलहारी में भूमिपूजन आज

**जामगांव आर।** जामगांव आर में 5 सितंबर को सांसद विजय बघेल ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित व्यवसायिक परिसर एवं सेन समाज अहाता निर्माण का लोकार्पण करेंगे। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा द्वारा किया जायेगा। अति विशेष अतिथि दक्षिण पाटन मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमणि चंद्राकर, मंडल महामंत्री द्वय तेजेंद्र पिपरिया, राजेश बंछोर होंगे। वहीं सांसद विजय बघेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अतिरिक्त कमरे एवं गड़रिया समाज सामुदायिक भवन का लोकार्पण करते हुए शासकीय प्राथमिक शाला मिडिल स्कूल अहाता गेट निर्माण एवम सेजस किचन शेड निर्माण तथा ग्राम में एक पक्की नाली निर्माण का भूमिपूजन करेंगे।

# साहू समाज ने धूमधाम से मनाया तीज मिलन, हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

■ महिलाओं ने विभिन्न खेल कूद प्रतियोगिता में विजेताओं को किया पुरस्कृत



नगर साहू समाज द्वारा महिला प्रकोष्ठ ने मां कर्मा भवन शीतला नगर उतई में तीज मिलन समारोह बड़ी धूम-धाम से मनाया।कार्यक्रम की शुरुआत माँ कर्मा की पूजा अर्चना कर शुरू की गई । तीज मिलन समारोह में महिलाओं ने विभिन्न खेल कूद प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमे गेड़ी दौड़ कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, फुगड़ी, बिल्लस, सुजी धागा दौड़ तीजा स्पेशल सोलह सिंगार, छत्तीसगढ़िया कलेवा, फुलेरा सजावट सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वागत गीत, बारहमासी, सुआ नाच, गम्मत, नाच खेल हुआ। प्रतियोगिता में जो महिलाओं ने जीत हासिल किया उन्हें साहू समाज द्वारा पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमशीला साहू पूर्व केबिनेट महिला एवं बाल विकास मंत्री छ.ग.शासन थे। अध्यक्षता सुनीती साहू उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ नगर साहू समाज, तुलसी साहू अधिवक्ता, सलाहकार जिला भिलाई साहू संघ।विशेष अतिथि रागिनी साहू सलाहकार दुर्ग जिला साहू संघ, दिव्या कलिहारी वरिष्ठ महिला उपाध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग मंजू साहू जिला साहू संघ उपाध्यक्ष दुर्ग, लक्ष्मी साहू सभापति जिन्ना पंचावत दुर्ग,तरुणा साहू इंस्पेटकर रेलवे पुलिस पंडवानी गायिका, वन्दना साहू, सुनीति साहू, शुकन्तला साहू, प्रभा साहू, विजय लक्ष्मी साहू, कुंती साहू, टिकेश्वरी साहू, सोनारिन बाई, समस्त महिला प्रकोष्ठ सहित नगर साहू समाज अध्यक्ष किशोर कुमार साहू उपाध्यक्ष खूबी राम साहू सचिव गिरीश साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी,कुशल साहू, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण साहू, समाज सरझक तुलु राम साहू, खुमान साहू, ऋषि साहू सुमंत साहू, राधिका हिरवानी, सुकवारो बाई, यज्ञ साहू,कृष्ना साहू, मोहित साहू, सुभाष साहू, पार्षद तोषण साहू, सुनीति साहू, शकुंतला साहू,रोहित साहू, ऋषि साहू व समस्त समाज के लोग उपस्थित थे।

### आम सूचना

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सरोज कुमार गुप्ता पिता स्व. भूपेन्द्र गुप्ता, उम्र-71 वर्ष, निवासी-244, सड़क-03, शांतिनगर, सुपेला, भिलाई, थाना-वैशालीनगर, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) से प्रदत्त अधिकार एवं उनके बताये अनुसार आम सूचना प्रकाशित कराता हूं कि मेरे पक्षकार एवं मोतीलाल अग्रवाल आ. स्व. मांगीलाल अग्रवाल, निवासी-भिलाई के मध्य मौजा पुराना प.ह.नं.-14, (वर्तमान में पटवारी हल्का नंबर-45) खसरा नंबर-65/2 रकबा 0.80 हे. कृषि भूमि मौजा - पुरानी बस्ती कोहका, भिलाई, जिला-दुर्ग का पक्का सौदा दिनांक-10.01.1989 को पूर्ण होकर संपूर्ण प्रतिफल की राशि उनके बताये अनुसार वर्ष 1991 तक अदा कर दी गई थी जिस आधार पर भूमि का कब्जा मेरे पक्षकार को सौप दिया गया था और उक्त दिनांक के बाद से मेरा पक्षकार आज दिनांक तक उक्त कृषि भूमि पर काबिज कास्तकार है जिसे बेदखल करने का अवैध प्रयास स्व. मोतीलाल अग्रवाल के विधिक वारिसानो द्वारा किया जा रहा है जिस आधार पर मेरे पक्षकार द्वारा स्व. मोतीलाल अग्रवाल के विधिक वारिसानो के विरूद्ध एक व्यवहार वाद प्रस्तुत किया है जिसका व्यवहार वाद क्रमांक-234 अ/2024 है। इसलिये सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि के संबंध में कोई व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्धशासकीय विभाग द्वारा हस्ताक्षेप से विरत रहे उक्त भूमि के संबंध में कोई सौदा लेन-देन, कर्जा या बंधक अवैध एवं शुन्य माना जावेगा।

अतः सूचना जाने।

दुर्ग
दिनांक-
29/8/2024

शम्सुद्दीन मिर्जा, जफर खान
(अधिवक्तागण)
जिला न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)
मो.-9837164555

### न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग (छ.ग.)

**सूचना**

मामले का विषय - अपील प्रकरण
मामला का क्रमांक 162 अ-74
वर्ष 2017-18
पक्षकार-गिरजा बाई यादव (मृत) बुधारू राम यादव वगै. विरूद्ध सत्तू खान वगैरह
सत्तू खान आ. नामालूम निवासी-इंदिरा हायर सेकेण्डरी स्कूल के पीछे कोहका रोड, रामनगर सुपेला भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)
एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी गिरजा बाई यादव (मृत) के विधिक वारिसान-बुधारू राम यादव आ. स्व. दीनदयाल निवासी वार्ड क्र. 6 सुभाष चौक पुरानी बस्ती सुपेला भिलाई जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), दुर्ग, जिला-दुर्ग के प्रकरण क्रमांक 1 अ-74 वर्ष 2015-2016 में पारित आदेश दिनांक 30.06. 2017 के विरूद्ध छ0ग0 भू०रा०सं० 1959 की धारा-44 (2) के तहत अपील प्रकरण प्रस्तुत किया गया है।
उपर्युक्त मामले की सुनवाई तिथि 03.10.2024 दिन-गुरूवार को दोपहर 12.00 बजे स्थान-न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग दुर्ग में होगी।
अतः सुनवाई तिथि पर उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत सुनवाई तिथि में उपस्थित नहीं होने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
जारी दिनांक 27.08.2024

आयुक्त
दुर्ग संभाग, दुर्ग

### सामाजिक समस्याओं, राजनीतिक, शिक्षा से सभी प्रकार क्षेत्रों में किया जाएगा विकास कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

■ कोर कमेटी की गठन के लिए बैठक 17 को

सतनामी समाज के राष्ट्रीय प्रमुख धर्मगुरू,राजा गुरु, गुरु बालदास साहेब की सानिध्य, मार्गदर्शन व नेतृत्व में रविवार को प्रथम बैठक न्यू सर्किट हाउस रायपुर में रखा गया था जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिला प्रमुख, राजमंहत, ब्लाक प्रमुख, डाक्टर, वकील, समाज सेवी, इंजीनियर, पटवारी, शिक्षक, व्यवसायी उपस्थित हुए थे। सभी वरिष्ठजनों ने अपने-अपने विचार रखे। एक स्वर में समाज हित में अपने समिति, संगठन के पद छोड़कर राजा गुरु धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब की सानिध्य में समाज विकास में सहयोगी बनेंगे। विधायक, गुरु खुशवंत साहेब व सोमेश साहेब ने समाज को संगठित व सशक्त बनाने की बात कही।

राजा गुरु धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब द्वारा सभी प्रकार के सामाजिक समस्याओं, राजनीतिक, शिक्षा, व्यवसाय, नारी निकेतन, युवा, अस्पताल, स्कूल, रोजगार, सभी प्रकार के क्षेत्रों में विकास कार्य किया जाएगा। कोर कमेटी का गठन आगामी 17 सितंबर के बैठक में किया जाएगा। समाज की वास्तविक स्थिति से अवगत कराने समन्वय समिति का गठन किया गया। समन्वय समिति में डॉ. लक्ष्मण भारती, डॉ. बसंत अंचल, डॉ. सुरेन्द्र कुर्रे, उमा प्रसाद जोशी, कपिल देशलहरे, विजय आदि उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में विशेष ऑफर को मिल रहा ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद




**भिलाई।** दुर्ग शहर के हृदय स्थल ओम ज्वेलर्स शॉप नंबर 64 बी इंदिरा मार्केट दुर्ग अपनी डिजाइन व और वैरायटी के सुप्रसिद्ध स्थान है एवं टोटल हॉल मार्क जेवर 18 कैरेट, 20k.22k न्यूनतम मजदूरी के साथ अपने ग्राहकों को हमेशा दी जा रही है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को हमेशा नग मीने कुंदन के ज़ेवर उपलब्ध नहीं करता बल्कि जिसमे ज्यादा लॉस न हो वही ज़ेवर प्रदान किया जाता है। हर 10 ग्राम खरीदी पर निश्चित कुछ ना कुछ गिफ्ट आइटम अपने ग्राहकों को प्रदान की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की जाती है।

### सोरियासिस रोग का इलाज आयुर्वेद रसायन से ही: डॉ. अग्रवाल



भिलाई। सोरियासिस रोग लाइलाज एक जटिल रोग है। इसकी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं, इस रोग को किसी साधारण गोली दवा, इलाज से दबाने की गलती भूलकर भी नहीं करें, वरना आगे चलकर रोग गंभीर हो सकता है। डॉ. एचसी अग्रवाल बताते हैं कि वात, पित, कफ तीनों की विकृति त्रिदोषज अर्थात इम्यून डिसआर्डर रोग है। इससे वायरस बैक्टीरिया दोनों नहीं होते इसलिए यह छूत की बीमारी भी नहीं है। सिर में रूसी का भ्रम, शरीर में तांबे रंग के पपड़ीयुक्त छिलकेनुमा छाले दाग, नाखूनों का सड़ना, उंगलियों का टेढ़ा होना, जोड़ों में सूजन, दर्द, अकड़न होकर रोगी अपंग हो जाता है। यह सोरियासिस के गंभीर लक्षण है, इसमें कोई चमड़ी रोग नाशक दवा या इस्टेराईड एवं पंचकर्म क्रिया इत्यादि से ठीक नही होता दब जाता है यह केवल आयुर्वेद के रस रसायन में ही संभव है। सभी चमड़ी एवं रोगों के स्थायी इलाज के लिए गुरूद्वारा, स्टेशन रोड स्वरूप टाकीज के सामने, ब्राईट फर्नीचर के पीछे दुर्ग स्थित क्लीनिक में डॉ. अग्रवाल से दोपहर 3 से रात्रि 7:30 बजे तक मरीज मिल सकते हैं।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


# शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...






























## शिक्षा से बड़ा कोई वरदान नहीं और गुरू के आशीर्वाद से बड़ा कोई सम्मान नहीं

21वीं सदी में शिक्षा ही सफलता प्राप्त करने का सबसे आसान तरीका है। किसी भी काम में सफलता प्राप्त करने के लिये प्रयत्न करना जरूरी है और प्रयत्न का सही दिशा में होना जरूरी है। यह जो सही दिशा है वह हमारी बुद्धि और विवेक तय करते है जिसके लिये उन्हें हमारे अंतः करण में संचित ज्ञान की आवश्यकता पड़ती है। यह ज्ञान हमें शिक्षा के माध्यम से ही मिलता है। सच्ची और उपयोगी शिक्षा किसी गुरू अथवा शिक्षक या ट्रेनर के द्वारा ही दी जाती है। इसीलिये तो कहा गया है शिक्षा रूपी वरदान के साथ-साथ यदि किसी शिष्य को गुरू का आशीर्वाद भी मिल जाये तो उसे सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। अपने जीवन की कहानी स्वयं लिखें नये रास्ते, नये मौके, नई संभावनाये खुद ढुंढें और नई कोशिशे खुद करें, फिर देखें सफलता से आपकी मुलाकात कैसे नही होती।

शिक्षक दिवस पर सभी **शिक्षकगणों का हार्दिक अभिनंदन**

नितिन पण्ड्या



## खबर संक्षेप

### मुक्त विवि में प्रवेश की तारीख 30 तक बढ़ी

**भिलाई।** पं. सुन्दर लाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छग.बिलासपुर द्वारा दूरस्थ पद्दति से संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने की तारीख 30 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक स्तर पर बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी.(गणित), बी.बी.ए. व बी.लिब. पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया जा सकता है। स्नातकोत्तर स्तर पर अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, समाजशास्त्र, राजनितिशास्त्र, शिक्षा एवं छत्तीसगढ़ी विषयों में एम.ए. के अलावा एम.एस.सी (गणित) एवं एम.एस.सी (कम्प्यूटर साईस), एम. कॉम. एवं एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रमों में प्रवेश जारी है। पीजीडीसी, डिप्लोमा इन योगसाईस, डी.सी.ए., डिप्लोमा इन साईकलोजिकल गाइडेन्स एण्ड काउन्सलिंग, रामचरितमानस में विज्ञान में सामाजिक उत्थान में डिप्लोमा पाठ्यक्रम में भी प्रवेश जारी है। बीकॉम उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से तैयार छः माह का जीएसटी में सर्टिफिकेट कोर्स में प्रवेश लिया जा सकता है। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश ऑनलाइन ही लिया जा सकेगा तथा पाठ्यक्रम शुल्क भी ऑनलाइन ही जमा किया जा सकेगा। क्षेत्रीय समन्वयक डॉ डी एन शर्मा ने बतलाया कि इस राजकीय मुक्त विश्वविद्यालय में बहुत कम शुल्क पर डिग्री या डिप्लोमा हेतु अपनी सुविदा के अनुसार अध्ययन किया जा सकता है ।

### निःशुल्क वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर आज

**अंडा।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय ग्राम अंडा में निःशुल्क एक दिवसीय वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 5 सितंबर को औषधालय परिसर में किया जाएगा। शिविर सुबह 10 से शाम 4 बजे तक है। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा विभिन्न रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार किया जाना है। आसाध्य रोग जैसे वात रोग, संधिवात साइटिका गठिया, जोड़ो का दर्द, दमा, चर्म रोग आदि रोगों का उपचार एवं निवारण किया जायेगा।

### अनदेखी : बीएसपी क्वार्टरों में सीपेज व आवारा मवेशियों की बढ़ी समस्या

# टाउनशिप की समस्याओं को लेकर यूनियनों ने प्रबंधन पर बढ़ाया दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप से संबंधित बीएसपी कर्मचारियों की लगातार मिल रही समस्याओं की शिकायतों को लेकर बीएसपी वर्कर्स यूनियन पदाधिकारियों ने बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता नगर( सेवाएं विभाग ) के साथ बैठक हुई। सभी समस्याओं के जल्द निदान की मांग की गई। सीजीएम ने सभी समस्यों के जल्द निदान के प्रयास का आश्वासन दिया।

यूनियन अध्यक्ष उज्जवल दत्ता के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने बिंदुवार बुनियादी समस्याओं पर चर्चा की। इनमें कर्मचारियों के आवास बिल्डिंगों में व्हाइट वाशिंग, छतों की रिपेयरिंग, तार फेल्टिंग कार्य में गति, सिविल एवं सीवरेज से संबंधित शिकायतों को जल्द दूर करना, बैक लाइन की सफाई , पूरे टाउनशिप में झाड़ियां की कटाई, सड़कों पर आवारा मवेशियों एवं स्ट्रीट डॉग की बढ़ती समस्या को दूर करने, कभी भी लाइट गोल होने की सी समस्या को समाप्त करने, टाउनशिप में दूषित पानी की समस्या, कर्मचारियों की वर्षों से लंबित पड़ी विभिन्न प्रकार की शिकायतों को जल्द दूर करने, चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने, कर्मचारियों को आसानी से आवास उपलब्ध कराने, अवैध कब्जेधारियों से निजात दिलाने तथा 400 सौ स्क्वायर फीट से भी बड़े आवास इकाइयों को जरूरतमंद कर्मचारियों को लाइसेंस पद्धति में देने की मांग की गई ।

### बीडब्ल्यूयू की नगर सेवाएं प्रमुख के साथ हुई बैठक



### बड़े आवास लायसेंस पर नहीं मिलेंगे

सीजीएम श्री दत्ता ने सभी समस्याओं के निदान जल्द निदान का प्रयास करने का आश्वासन दिया । उन्होंने 650 स्क्वायर फीट के आवास इकाइयों को लाइसेंस पद्धति में देने की मांग पर उन्होंने कहा कि 400 स्क्वायर फीट तक की आवास इकाई लाइसेंस पद्धति में दिए जा रहे हैं लेकिन 400 स्क्वायर फीट से अधिक आवास इकाइयों की संख्या कम होने की वजह से फिलहाल बड़े आवासों को लाइसेंस पद्धति में दिए जाने जैसी स्थिति नहीं दिख रही है । बैठक में डीजीएम आरके गर्ग और यूनियन से कार्यकारी महासचिव शिव बहादुर सिंह, अतिरिक्त महासचिव टी डीलेश्वर राव सहित सुरेश सिंह, अमित बर्मन, प्रदीप सिंह , लुमेश कुमार, संदीप सिंह, विमलकांत पांडे, राजकुमार सिंह, सुभाष चंद्र महाराणा, मंगेश हरदास, अभिषेक सिंह, सचिव मनोज डडसेना, रविंद्र कुमार सिंह, धनंजय कुमार गिरी, रविंद्र कुमार यादव आदि उपस्थित थे ।

### सौजन्य बैठक नहीं, टारफेल्टिंग पर हो चर्चाः सीटू

**भिलाई।** बीएसपी नगर सेवाएं विभाग के मुख्य महाप्रबंधक द्वारा टाउनशिप व बीएसपी कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा करने से इनकार करने पर सीटू यूनियन के पदाधिकारी बैठक से बाहर निकल आए। यूनियन के पत्र के 25 दिनों बाद यूनियन प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक करने का समय दिया गया था । बैठक में जब यूनियन पदाधिकारियों ने अपनी बात को रख तो तो सीजीएम ने कहा कि हम तो सौजन्य बैठक चाह रहे थे और आप बाजार लेकर आ गए। कट्सी मीटिंग में समस्याओं पर चर्चा मत करिए। इस पर यूनियन पदाधिकारी नाराज हो गए और कहा कि आप मुद्दों को अच्छे से समझ लीजिए फिर यूनियन के साथ विस्तार से बातचीत करने के लिए तैयार हो जाइए तब सीटू को समय देकर बैठक बुलाएं। यूनियन ने जारी विज्ञाप्ति में बताया कि टाउनशिप में समस्याओं का अंबार है । लोग सीपेज वाले मकान में रहने के लिए मजबूर हैं। सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा बढ़ता जा रहा है। आए दिनों दुर्घटनाएं हो रही है। ड्रेनेज की समस्या का समाधान नहीं निकल पा रहे हैं । आए दिन छत के छज्जे गिरने की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्वार्टरों में टारफेल्टिंग की बजाय छत पर फ्लोरिंग व उसके बजट के संदर्भ में यूनियन ने पूछा तो सीजीएम ने कहा कि टेक्नोलॉजी के बारे में यूनियन को बताने की आवश्यकता नहीं है और बजट के बारे में जानने की जरूरत नहीं है।



■ सीजीएम के चर्चा से इंकार करने पर यूनियन की नाराजगी

**गर्मी में ठेकेदार नहीं करता टारफेल्टिंग:** इस पर सीटू ने कहा कि सीटू टेक्नोलॉजी के साथ इस पर होने वाले खर्च के संदर्भ में भी चर्चा करता है। क्योंकि खर्च होने वाला एक-एक पैसा मजदूरों के मेहनत का पैसा है, जिसकी जानकारी सभी को होनी चाहिए। सीटू कहा कि टारफेल्टिंग की आड़ में बहुत बड़ा खेल हो रहा है। कर्मचारी तीन चार साल से छत की सीपेज का कंप्लेंट डाल के रखे हुए हैं । मैनेजमेंट बारिश और ठंड में गुणवत्ता पूर्ण टारफेल्टिंग का काम ना हो पाने की बात कहता है । लेकिन गर्मी के दिनों मे अक्सर ठेकेदार काम छोड़कर भाग जाता है।

## एफएसएनएल कर्मियों का बढ़ा नाइट शिफ्ट एलाउंस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

फेरो स्क्रेप निगम लिमिटेड के निजीकरण सहित कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर डिप्टी सीएलसी(केंद्रीय) के साथ फेरो इस्पात श्रमिक संघ सहित विभिन्न यूनिटों के कर्मचारी यूनियनों की बैठक एफएसएनएल भिलाई में हुई। कई मांगों को पूर्व करने और कुछ पर आगामी बैठक में चर्चा का आश्वासन मिला है। कंपनी के निजीकरण पर चर्चा लंबित रही। बैठक में सभी यूनियनों के प्रतिनिधि और एफएसएनएल भिलाई के जीएम कार्मिक पंकज त्यागी उपस्थित थे।

■ उप श्रमायुक्त केंद्रीय व कर्मचारी यूनियनों के बीच समझौता

गौरतलब हो कि यूनियनों ने एफएसएनएल के निजीकरण व कर्मियों की अन्य मांगों को लेकर 21 अगस्त को हड़ताल का नोटिस दिया था। इस पर उपश्रमयुक्त द्वारा जल्द बैठक कराने के आश्वासन पर हड़ताल स्थगित कर दी थी। बैठक में यूनियन ने एफएसएनएल का निजीकरण नही करने सहित कर्मियों के पेंशन, मेडिक्लेम, कर्मियों का नाइट शिफ्ट एलाउंस बढ़ाने, रिटायर कर्मियों की गिफ्ट राशि बढ़ाने आदि मांगों के निदान की मांग की। इस्पात श्रमिक संघ भिलाई के सुनित सिंह ने बताया कि बैठक में नाइट शिफ्ट एलाउंस को 90 से 180 रुपए बढ़ाने, सेवानिवृत्तों की उपहार राशि को 2 हजार से 10 हजार रुपए बढ़ोत्तरी करने का निर्णय लिया गया। साथ ही रेफरल मरीज की प्रक्रिया को सरल किया जानाा भी तय हुआ। फेरो इस्पात श्रमिक संघ के सुनित सिंह ने बताया कि अन्य लंबित मुद्दों पर आगमी बैठक में चर्चा का आश्वासन मिला है। यूनियनों की मांग पर डिप्टी सीएलसी केंद्रीय एके महंता व जीएम कार्मिक पंकज त्यागीके प्रयास से बैठक सफल रही। बैठक में फेरो इस्पात श्रमिक संघ भिलाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनित सिंह, फेरो वर्क्स यूनियन इंटक अध्यक्ष अरुण सिसौदिया सहित हरजीत सिंह ( बर्नपुर), प्रभात चटर्जी, हराधन साईं व रंजीत शर्मा (दुर्गापुर), शताधर नायक, एनएन नायक ( राउरकेला), अशोक सिन्हा, बीबीएल श्रीवास्तव ( बोकारो) व राजशेखर ( बैजाक ) उपस्थि थे।

## सिन्हा समाज सामाजिक एकजुटता के लिए काम कर रहाः रिकेश

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ डड़सेना (सिन्हा) कलार समाज के जन कल्याण समिति ने रविवार को कोहका स्थित भवन में तीज मिलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन, विशिष्ट अतिथि पंडवानी गायिका उषा बारले और रिसाली नगर निगम की महापौर शशि अशोक सिन्हा थीं। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रिखीराम सिन्हा ने की। मुख्य अतिथि सेन ने कहा कि सिन्हा समाज जागरूक समाज है। एकजुटता के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। सामाजिक कार्यक्रमों परिवार व समाज से जोड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने विधायक निधि से सामाजिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। आने वाले 5 साल तक 10-10 लाख रुपए देने की बात कही। राष्ट्रपति से पुरस्कृत डोमेन्द्र सिन्हा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सदस्यों ने सामाजिक प्रस्तुति दी।पूजा गजेन्द्र ने तीज क्वीन का खिताब मिला । जज में चयनित हीरा सिन्हा, पीएससी से सहायक अभियंता (जल संसाधन विभाग) के पद पर चयनित सुष्मिता सिन्हा को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट योगदान के लिए लक्ष्मी जायसवाल को दमयंतीन सिन्हा स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया ।




## विधायक देवेन्द्र के परिवार से मिले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव के निवास पहुंचे। जहां वे विधायक देवेंद्र यादव की मां से मिले। उनका हालाचाल जाना। उनके स्वास्थ्य की खैरियत ली। परिवार के सदस्यों से चर्चा की और सभी को हिम्मत दिया। सभी से कहा कि आप सभी लोग अपना ख्याल रखिए। मां से कहा कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। समय पर भोजन और दवाइएं ले। परिजनों और विधायक देवेंद्र यादव के बड़े भाई धर्मेंद्र यादव से भी कहा कि वे माता जी का ख्याल रहे। पूर्व सीएम श्री बघेल जी ने आगे पूरे परिवार को विश्वास जताते हुए कहा कि उनके रहते हुए उन्हें किसी भी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है। पूरा कांग्रेस परिवार, प्रदेश की पूरी जनता युवा नेता देवेंद्र यादव के साथ है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि युवा नेता विधायक छत्तीसगढ़ महतारी का साहसी बेटा है। जो भोलेभाले, मासूम, निर्दोष प्रदेशवासियों के हक की लड़ाई लड़ रहा है। इसलिए भाजपा की सरकार उससे बदला लेने के लिए यह सब प्रपंच कर रही है। लेकिन सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजीत नहीं हो सकता है। एक दिन विधायक देवेंद्र यादव की जीत और पूरे शान से वह बहुत जल्द जेल से बाहर आएगा।

## होटल संचालक से निगम आयुक्त ने उठवाया कचरा




**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा स्वास्थ्य अमले के साथ शहर साफ. सफाई व्यवस्था देखने स्टेशन रोड, राजेन्द्र पार्क चौक के अलावा मालवीय नगर पर निकले। निरीक्षण के दौरान खालसा पब्लिक स्कूल के पास स्थित होटल संचालक द्वारा सड़क के किनारे कचरा डाल दिया गया था। उस होटल संचालक को बुलाकर उससे कचरा उठवाया। आयुक्त के आदेश पर 500 रुपये का अर्थदंड किया गया और चेतावनी देते हुए दोबारा सड़क पर कचरा न फेंकने की बात कही। शहर क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पाया कि कई दुकानदारों द्वारा दुकान से निकलने वाला कचरा बाहर फेंका जाता है, जिस पर निगम आयुक्त ने अधिकारियों को नजर रखने के साथ साथ जुर्माना करने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त ने मौजूद अधिकारी को साफ-सफाई व्यवस्था को सुधारकर और बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिए। होटल व दुकान से निकलने वाले अपशिष्ट प्रबंधन एवं गीले-सूखे कचरे को नगर निगम के वाहनों में दिया जाए। अन्यथा प्रावधानों के तहत नियमानुसार जुर्माना वसूला जाएगा। निरीक्षण के मौके पर उद्यान प्रभारी अनिल सिंह, पीआईयू कुणाल, परम कुमार सहित अमला मौजूद रहे।

■ वसूला गया जुर्माना

### दानवीर भामाशाह सम्मान के लिए मांगे आवेदन

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष राज्योत्सव के अवसर पर दानशीलता, सौहार्द एवं अनुकरणीय सहायता प्रदान करने वाले उत्कृष्ट व्यक्ति संस्था को दानवीर भामाशाह सम्मान प्रदाय किया जाता है। चयनित व्यक्ति संस्था को सम्मान के रूप में एक लाख रूपए एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करने का प्रावधान है। उप संचालक समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रविष्टियां 27 सितंबर 2024 से पहले उप संचालक समाज कल्याण दुर्ग में जमा किया जाना है। प्रविष्टियां हेतु संस्था एवं व्यक्ति के लिए आवश्यक है कि वह छत्तीसगढ़ का निवासी हो एवं उनका पिछला कार्य उत्कृष्ट हो और वर्तमान में भी निरंतर सकिय हो। दानशीलता एवं राष्ट्रीयता के क्षेत्र में किए गए कार्यों का विस्तृत विवरण, अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण, उत्कृष्ट कार्यों के संबंध में प्रकाशन, प्रख्यात व्यक्तियों, पत्र पत्रिकाओं द्वारा की गई टिप्पणी, क्रियाशील एवं निर्विवाद होने के विषय में जिला कलेक्टर की अनुशंसा होना अनिवार्य है।

## उपभोक्ता सहकारी भंडार की 40वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला थोक उपभोक्ता सहकारी भंडार के 40 वां वार्षिक साधारण सभा दिगम्बर जैन भवन में अध्यक्ष पूर्व पार्षद विनोद ताम्रकार की अध्यक्षता व ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, शहर विधायक गजेन्द्र यादव, प्रीतपाल बेलचंदन, प्रेस क्लब अध्यक्ष अरूण मिश्रा, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के अतिथ्य में संपन्न हुआ। सभा में प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी एनके वर्मा द्वारा संस्था के गतिविधि व आय व्यय की जानकारी उपस्थित सदस्यों के समक्ष रखते हुए प्रस्ताव को सर्व सम्मति से पारित करने की अपेक्षा की। इस पर सभी सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान की। सभा को संबोधित करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि, सबसे पुरानी इस संस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए शासन स्तर पर सहकारिता के क्षेत्र में योजनाएं बनी है। जिससे सहकारी संस्थाओं एवम जनता को इसका सीधा लाभ होगा। केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह के प्रयास सहकारिता से समृद्धि की योजना से सफल होगा। शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि, सहकरिता का क्षेत्र ही भाजपा के सिद्धांत पर आधारित है जो अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा आवश्यक वस्तु जनता तक सुचारु ढंग से पहुंचे इसके लिए वे सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से मिलकर चर्चा करेंगे। प्रीतपाल बेलचंदन ने सहकारी संस्था को सुदृण बनाने अपना अनुभव साझा किए। भाजपा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, प्रेस क्लब अध्यक्ष अरूण मिश्रा ने भी संबोधन में सहकारिता को आगे बढ़ाने शासन स्तर पर प्रयास होने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन शिवराज राउत ने किया। आभार प्रदर्शन संस्था अध्यक्ष पूर्व पार्षद विनोद ताम्रकार ने किया। कार्यक्रम में विजय ताम्रकार, डा.शरद अग्रवाल, बंटी चौहान, विकास सेन, टीमक साहू, मुकेश पाण्डे, पूर्व पार्षद विष्णु साहू, शिव चंद्राकर, सरला चौहान आदि उपस्थित थे।

■ दिगंबर जैन भवन में कार्यक्रम का किया आयोजन



## पूर्व मुख्यमंत्री ने फिर दिखाए आक्रामक तेवर



**दुर्ग।** पूर्व मुख्यमंत्री अपने आक्रामक तेवर को लेकर एक बार फिर चर्चा में है। नगरनिगम दुर्ग के महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा हरितालिका उत्सव में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि, आज भाजपा की सरकार ने बेरोजगारी भत्ता, गौठान योजना, भूमि श्रमिक योजना और छग आलंपिक और विश्व आदिवासी दिवस सहित अन्य योजनाएं बंद कर दी गई है। उन्होने एक बार फिर डीपीएस मामले में एसपी पर तंज कसा और कहा कि, एसपी ने अपनी कुर्सी बचाने आज मामले में एफआईआर दर्ज किया हैं। उन्होने कहा कि, डीपीएस स्कूल के प्राचार्य और एसपी को यहां से हटाना होगा। उन्होने मामले में पुलिस द्वारा लीपापोती करने का भी आरोप लगाया। उन्होने कहा आज प्रदेश में बिजली बिल फुल हा रही है, लेकिन बिजली की सुविधा आधी हो जाने से ग्रामीण इलाको के लोग ज्यादा परेशान हो रहे है। उन्होने कहा छग के लोग नक्सलगढ के नाम से जानते थे। लेकिन हमारी पांच साल के कार्यकाल में छग के किसान और युवाओं को संबल बनाने का काम किया है। छग की भांजा राम है, इसकी भी उपयोगिता हमने सिध्द कराई है।

■ हरितालिका उत्सव में शामिल हुए भूपेश बघेल

### माता-पिता की सेवा की तरह करें सदस्यता का विस्तार

# 50 कार्यकर्ता को जोड़ने पर ही बनेंगे सक्रिय सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर सदस्यता अभियान का उदघाटन होने के बाद दुर्ग में जिला सदस्यता अभियान का उदघाटन बायपास रोड में स्थित अग्रसेन भवन में हुआ। उदघाटन समारोह प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ, जिसमें उपस्थित नेताओं द्वारा सदस्यता अभियान को सफल बनाने का आह्वान करते हुए मार्गदर्शन दिया।

■ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अभियान का किया आगाज

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान कार्यकर्ता निर्माण के लिए करती है ना कि नेता बनाने के लिए। राष्ट्र प्रथम का ध्येय सामने रखकर सदस्यता अभियान के माध्यम कार्यकर्ताओं को राष्ट्रहित में कार्य करना है, जिस तरह हम माता-पिता की सेवा करते हैं उसी तरह पार्टी को अपने माता-पिता के रूप में मानकर उसकी सेवा करनी है। पार्टी का विस्तार करना है एवं सदस्यता अभियान को सफल बनाने नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने का कार्य करना है। मंच पर अतिथि भाजपा जिला संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, विधायक ललित चंद्राकर, गजेन्द्र यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री जागेश्वर साहू, रमशिला साहू, डॉ. मानसी गुलाटी उपस्थित रहे।




### कोर ग्रुप के प्रस्ताव पर होगी नियुक्तियां

सदस्यता अभियान के बाद उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा दुर्ग स्थित सर्किट हाउस पहुंचे, जहां आधे घंटे तक चले बैठक में आगामी दिनों होने वाले शासकीय समिति के पदों पर नियुक्तियां कोर ग्रुप के द्वारा सुझाव गए नाम के अनुसार किए जाने का फैसला लिया गया है। ऐसा माना जा रहा है कि, अब भाजपा जल्द ही शासकीय पदों में नियुक्तियों को लेकर तैयारियों में जूट गई हैं।

### आठ लाख आवास की मिली स्वीकृति

विधायक गजेंद्र यादव ने कहा हमारे प्रदेश में 18 लाख आवास की मांग थी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के लिए 8 लाख आवासों की स्वीकृति प्रदान की है और इन आवासों के लिए जिन्होंने आंदोलन किया प्रयास किया। जिसका श्रेय उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को जाता है। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि, पार्टी की सदस्यता अभियान को हम सभी को मिलकर सफल बनाना है पिछले समय जो कुछ लोग हमसे छूट गए थे और पार्टी की विचारधारा से प्रभावित थे। जिला सदस्यता टोली के सदस्य डॉ. मानसी गुलाटी ने मुख्य अतिथि विजय शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### उल्लास नवभारत साक्षरता रथ को दिखायी हरी झण्डी

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्टोरेट परिसर से उल्लास नवभारत साक्षरता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के माध्यम से जन-जन तक उल्लास नवभारत साक्षरता का यह संदेश पहुंचाया जाएगा ताकि जिले के 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी असाक्षर लोगों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान कराकर डिजिटल युग के लिए तैयार कर शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 08 सितम्बर के उपलक्ष्य में जिले में 1 से 08 सितम्बर तक अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान उल्लास नवभारत कार्यक्रम अंतर्गत असाक्षर लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, डॉ. पुष्पा पुरुषोत्तम, अमित घोष आदि मौजूद थे।



